वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 27 फरवरी 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

दिल्ली दंगों में लिप्त आप पार्षद ताहिर हुसैन पर हो कड़ी कार्रवाई: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दिल्ली दंगो में आम आदमी पार्टी के पार्षद की सक्रिय भूमिका एवं अन्य असामाजिक तत्व जिन्होंने सी.ए.ए. विरोधी आंदोलन की आड़ में दिल्ली को जलाने दंगा भड़काने का काम किया, उनकी गिरफ़्तारी और दंगो में उनकी भूमिका की जाँच की माँग करती है।

दिल्ली दंगों में अब तक 32 लोगों की हत्या की पुष्टि हुई, जिसमें एक युवा आई.बी. अधिकारी है। यह अत्यंत दुखद एवं निंदनीय है कि एक मुख्य राजनैतिक दल के पार्षद द्वारा देश की राजधानी में पेट्रोल बम, पत्थरबाज़ी आदि के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का काम किया गया है।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधी त्रिपाठी ने कहा कि, "राजनैतिक दलों से यह अपेक्षाएं होती हैं कि वे मतभिन्नता से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के विषयों पर एक हों। किन्तु जिस प्रकार से दंगे भड़काकर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कुछ लोगों ने किया है, वह सर्वथा निंदनीय है। हम यह मांग करते हैं, कि दंगों में संलिप्त सभी असामाजिक तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा शांति स्थापित हो सके इसके लिए यथासंभव शीघ्र प्रयास किए जाएं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)